आजा मेरे सांवरे तेरा इंतज़ार है

छोटी सी एक अर्जी मेरी
छोटी सी दरकार है
आजा मेरे सांवरे तेरा इंतज़ार है

मेरी इस अर्जी पे बाबा गौर जरा फरमाना
ग्यारस वाले कीर्तन में तुम मेरे घर भी आना
छोटी सी एक कुटिया मेरी छोटा सा परिवार है
आजा मेरे सांवरे.......

हर ग्यारस पे खाटू वाले तेरी ज्योत जलाऊ
संग सारा परिवार बैठ के कीर्तन तेरा गाऊं
तू ही मेरा श्याम धनी और तू ही लखदातार है
आजा मेरे सांवरे......

जीवन सारा सौंप दिया है बाबा तेरे हवाले
दास गणेश की अर्जी बाबा अपना दास बनाले
तेरा ही बस एक आसरा तेरा ही आधार है
आजा मेरे सांवरे......

छोटी सी एक अर्जी मेरी छोटी सी दरकार है
आजा मेरे सांवरे तेरा इंतज़ार है...........

गायक: गणेश राजपूत
मो. 9009204035, 7999629343

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/19959/title/aaja-mere-sanwre-tera-intezaar-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |